## :: प्रपत्र–20 ::

परियोजना का नामः– मा0मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 1119/2015 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत पैय्यापौड़ी तोली ग्वालगांव तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.875 है0 वनभूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव।

# मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड का अनापत्ति प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मा0मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 1119/2015 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत पैय्यापौड़ी तोली ग्वालगांव तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 3.875 है0 आवेदित वन क्षेत्र किसी भी राष्ट्रीय नेशनल पार्क एवं वन्यजीव अभ्यारण्य का हिस्सा नहीं है, एवं समीपस्थ अस्कोट वन्यजीव अभ्यारण्य से मार्ग की हवाई दूरी 0.395 किमी0 है। उक्त भूमि पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस मार्ग के निर्माण से तोली, ग्वालगांव के 1701 ग्रामीणों को यातायात की सुविधा प्राप्त होगी, तथा उपरोक्त परियोजना के निर्माण से सीमान्त दूरस्थ क्षेत्र में स्थित उक्त गांवों के कृषि पर आश्रित ग्रामीणों को अपने कृषि उत्पाद मुख्य बाजार जौलजीवी एवं पिथौरागढ़ तक ले जाने की सुविधा प्राप्त होगी। गांवों में चिकित्सालय, विद्यालय खुलने के और नये अवसर मिलेंगे तथा गांवो का विकास होगा।

उक्त परियोजना से वन्य जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना प्रतीत नहीं होती है। अतः उक्त कारणो से वनभूमि हस्तान्तरण की संस्तुति की जाती है।

प्रभागीय वन अधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़.

उप0 अधिकारी
पश्चिमी उपभाग

वन क्षेत्राधिकारी
अस्कोट

परियोजना का नामः– मा0मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 1119/2015 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत पैय्यापौड़ी तोली ग्वालगांव तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.875 है0 वनभूमि का गैरवानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

## :: प्रमाण– प्रपत्र ::

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त प्रस्तावित मार्ग का अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वयं स्थलीय निरीक्षण किया गया है। उक्त मोटर मार्ग का समरेखन पूर्व से मौजूद कच्चे मार्ग के समरेखन पर ही प्रस्तावित किया गया है। जिससे वन्यजीव पर कोई दुष्प्रभाव पड़ता प्रतीत नहीं होता है, तथा उक्त परियोजना में प्रभावित क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति/टोपोग्राफी को दर्शाते हुए वन्यजीवों हेतु किसी प्रकार के Animal Passage Plan की आवश्यकता नहीं है।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

वन क्षेत्राधिकारी,
अस्कोट